तापमान
अधिकतम 34 .3 डिग्री
न्यूनतम 21 .4 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 1 जून 2026

8 खरावड़ में बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों का...

10 तंबाकू निषेध दिवस पर हजारों ने ली नशा मुक्त...


## शहर में आज
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- लघु सचिवालय में समाधान शिविर।
- नगर निगम आयुक्त की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे।
- पीजीआईएमएस के डेंटल कॉलेज में वर्कशाप का समापन।

## पीजीआईएमएस के डेंटल विभाग की पहल
# इब एआई पूछैगा, ताऊ तेरा के हाल सै

- डॉ. मनु राठी बोलीं-दूर दराज से आने वाले मरीजों को देखते हुए तैयार की योजना
- मरीजों की संतुष्टि का स्तर जानने के साथ मिल सकेंगे सेवाओं में सुधार के लिए जरूरी सुझाव

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और इलाज के बाद उनकी स्थिति पर नजर रखने के उद्देश्य से पीजीआईएमएस के डेंटल कॉलेज ने एआई आधारित फीडबैक एवं परामर्श प्रणाली विकसित की है। डेंटल विभाग की प्राचार्या डॉ. मनु राठी की पहल पर तैयार किए गए इस एआई चैटबॉट सिस्टम के माध्यम से मरीजों से सीधे फोन पर बातचीत की जाएगी। इस दौरान मरीजों से उपचार, अस्पताल की सेवाओं और स्वास्थ्य संबंधी अनुभवों की जानकारी ली जाएगी। खास बात यह है कि मरीज और एआई के बीच होने वाली पूरी बातचीत रिकॉर्ड होगी और उसका डेटा सुरक्षित सर्वर पर सेव रहेगा। इससे अस्पताल प्रशासन को मरीजों की संतुष्टि का स्तर जानने के साथ-साथ सेवाओं में सुधार के लिए जरूरी सुझाव भी मिल सकेंगे।

डॉ. मनु राठी ने बताया कि डेंटल कॉलेज में हर दिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें कई मरीज ऐसे होते हैं जो रोहतक के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों तथा पड़ोसी राज्यों से भी आते हैं। उपचार के बाद मरीजों की स्थिति और उनकी समस्याओं की जानकारी जुटाना हमेशा चुनौती रहा है। इसे देखते हुए एआई आधारित प्रणाली विकसित करने का निर्णय लिया गया।




### उदाहरण से समझें कैसे करेगा काम
डॉ. राठी ने बताया कि यह सिस्टम मरीजों को केवल फीडबैक कॉल ही नहीं करेगा, बल्कि उपचार के बाद आवश्यक सलाह भी देगा। उदाहरण के तौर पर यदि किसी मरीज का दांत निकाला गया है या कोई सर्जिकल प्रक्रिया हुई है तो एआई उसे खानपान, दवाओं के सेवन और सावधानियों के बारे में जानकारी देगा। मरीज यदि किसी सामान्य समस्या का उल्लेख करता है तो सिस्टम उसे आवश्यक दिशा-निर्देश भी उपलब्ध कराएगा।

### जागरूकता बढ़ेगी
दांतों की देखभाल से जुड़ी जागरूकता बढ़ाने में भी यह तकनीक अहम भूमिका निभाएगी। एआई समय-समय पर मरीजों को सही तरीके से ब्रश करने, दांतों की सफाई बनाए रखने, तंबाकू और अन्य हानिकारक पदार्थों से बचने तथा नियमित जांच कराने संबंधी सुझाव देगा। इससे ओरल हेल्थ के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है।

### बुजुर्ग मरीजों को सबसे अधिक मिलेगा इस पहल का लाभ
अस्पताल प्रशासन का मानना है कि बुजुर्ग मरीजों को इस पहल से सबसे अधिक लाभ मिलेगा। कई बुजुर्ग मरीज लंबी दूरी तय करके इलाज के लिए आते हैं और बाद में छोटी-छोटी समस्याओं या परामर्श के लिए दोबारा अस्पताल पहुंचना उनके लिए मुश्किल होता है। एआई आधारित कॉलिंग सिस्टम उन्हें घर बैठे जरूरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

### बढ़ रहा एआई का उपयोग
विशेषज्ञों के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और मरीजों से संवाद स्थापित करने के लिए यह तकनीक काफी प्रभावी साबित हो सकती है। पीजीआईएमएस डेंटल कॉलेज की यह पहल मरीजों की सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### ओटीएस-2026 लागू, 28 सितंबर तक रहेगी प्रभावी
**रोहतक।** राज्य सरकार ने व्यापारियों और करदाताओं को राहत देने के उद्देश्य से एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस)-2026 लागू कर दी है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि यह योजना 1 जून से 28 सितंबर 2026 तक प्रभावी रहेगी। योजना के तहत विभिन्न कर कानूनों से जुड़े लंबित कर बकाया मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में लागू ओटीएस योजना को व्यापारियों का अच्छा समर्थन मिला था और लगभग 1.15 लाख व्यापारियों ने इसका लाभ उठाया था। इसी सफलता को देखते हुए सरकार ने इसे दोबारा लागू करने का निर्णय लिया है।योजना के अनुसार, जिन करदाताओं पर किसी वित्तीय वर्ष में एक लाख रुपये तक का कर बकाया है, उनके कर, ब्याज और जुर्माने की राशि स्वतः माफ कर दी जाएगी। वहीं, एक लाख रुपये से अधिक के बकाया मामलों में 70 प्रतिशत तक कर छूट और ब्याज व जुर्माने में 100 प्रतिशत तक राहत का प्रावधान है। व्यापारियों की सुविधा के लिए किस्तों में भुगतान की व्यवस्था भी की गई है।

### बाबा कालिदास धाम में निकाली कलश यात्रा


**सांपला।** कस्बे के शिव शक्ति बाबा कालिदास धाम में रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। बाबा के साथ अन्य शिष्यों ने भी इस यात्रा में भाग लिया। सभी मंदिर परिसर में सभी मंदिरों की परिक्रमा भी की गई। सोमवार को 9:00 बजे अखंड महायज्ञ कि शुरुआत होगी। बाबा कालिदास द्वारा 1 जून से 12 जून तक अखंड महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हवन यज्ञ भी होगा। इस महायज्ञ में दूसरे राज्यों से भी पंडित भाग ले रहे हैं।

### बिजली तार चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार
**रोहतक।** थाना लाखन माजरा पुलिस ने बिजली विभाग की लाखों रुपये की तार चोरी के मामले को तीन दिन में सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, महम के एसडीओ संजीत कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 11 केवी बैन्सी एपी लाइन से करीब 3700 मीटर एसीएसआर कंडक्टर तार चोरी कर ली गई थी, जिससे विभाग को लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ।मामले की गंभीरता को देखते हुए आईपीएस रवींद्र कुमार के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने राजस्थान के टोंक निवासी रामसागर तथा कलानौर निवासी मनीष और मानव को गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी एएसआई शमशेर सिंह ने आरोपियों से चोरी की गई तार, वारदात में प्रयुक्त टाटा गाड़ी और तार काटने वाला कटर बरामद किया। पुलिस रिमांड के बाद तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर सुनारिया जेल भेज दिया गया। मामले की जांच जारी है।

## रूट डायवर्ट: दिल्ली रोड पर सीवर लाइन के 5 फुट ऊपर से बनाया जाएगा अंडरपास
# बाबा मस्तनाथ मठ के सामने आज से छह माह के लिए दिल्ली रोड बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के यातायात को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बाबा मस्तनाथ मठ के सामने दिल्ली रोड पर अंडरपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने रविवार से सड़क की खुदाई का कार्य आरंभ कर दिया, जिसके चलते दिल्ली रोड को अगले छह माह के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही विभाग ने वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित कर दिए हैं ताकि लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना न करना पड़े।

**शहर से दिल्ली जाने के लिए आईएमटी और दिल्ली से वापस आने के लिए ओमेक्स सिटी के रास्ते से गुजरना होगा**






### सीवर लाइन सुरक्षित रखना बड़ी जिम्मेदारी
प्रस्तावित अंडरपास दिल्ली रोड से लगभग 20 फुट नीचे गुजर रही मुख्य सीवर लाइन के करीब पांच फुट से बनाया जाएगा। यह तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण कार्य माना जा रहा है क्योंकि निर्माण के दौरान सीवर लाइन को सुरक्षित रखना विभाग के लिए बड़ी जिम्मेदारी होगी। अधिकारियों का कहना है कि आधुनिक तकनीक और विशेष सावधानियों के साथ निर्माण कार्य किया जाएगा ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दिक्कत उत्पन्न न हो। पीडब्ल्यूडी द्वारा दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है।

### विभाग ने लगाए दिशासूचक यंत्र
अब दिल्ली जाने वाले वाहन चालक बाबा मस्तनाथ मठ के साथ लगते बोहर और आईएमटी की ओर निकलने वाले मार्ग का प्रयोग करेंगे। वहीं दिल्ली की तरफ से शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों को सेक्टर-27 स्थित एचपी पेट्रोल पंप से लगभग 15 मीटर आगे ओमेक्स की ओर जाने वाली सड़क से होकर शहर में प्रवेश करना होगा। विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर दिशा संकेतक बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं ताकि वाहन चालकों को मार्ग संबंधी जानकारी आसानी से मिल सके।

### जेसीबी से तोड़ा सड़क किनारे बना नाला पानी निकासी का किया अलग प्रबंध
अंडरपास निर्माण के दौरान विभाग ने सड़क किनारे बने नाले को भी तोड़ दिया है। नाले के पानी की निकासी बनाए रखने के लिए अलग से विशेष चैंबर तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें मोटरें लगाकर पानी की निकासी की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए जलभराव की स्थिति से बचने के लिए यह व्यवस्था की जा रही है।

### अब लोगों को रहना होगा सतर्क
दिल्ली की और जाने के लिए बाबा मस्तनाथ नगर की तरफ से वाहनों को निकलना होगा और वहां रेजिडेंसियल एरिया होने के कारण बच्चे भी खेलते हैं। सड़कों के किनारे बुजुर्ग लोग भी बैठे रहते हैं। इसके लिए उन्हें अब सावधान रहना पड़ेगा। क्योंकि वाहनों की संख्या मे इजाफा होने के बाद इस तरह से बच्चों को सड़क भी संभलकर ही पार करनी होगी। हादसों से बचने के लिए यह कार्य बहुत जरूरी है।

# अभी 3 दिन और राहत भरे, 4 जून से फिर बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गत शुक्रवार से रोहतक व इसके आसपास के क्षेत्रों में मौसम सुहावना बना हुआ है। ये राहत आने वाले तीन दिन तक और भी बने रहने की पूरी उम्मीद है। आईएमडी चंडीगढ़ के मुताबिक 1 से 3 जून के बीच हरियाणा में आंशिक रूप से बादल छाए रहने, तेज हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। मौसम में इस बदलाव से दिन के तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की जा सकती है और लोगों को गर्मी से अस्थायी राहत मिलेगी। पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान और लू जैसे हालात के बीच मौसम के इस बदलाव को राहत भरा माना जा रहा है। किसानों के लिए भी यह परिवर्तन लाभकारी साबित हो सकता है, क्योंकि खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच हल्की वर्षा और तापमान में कमी खेतों में नमी बनाए रखने में मदद करेगी। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि यह राहत ज्यादा लंबे समय तक रहने वाली नहीं है।

### 44° तक पहुंच सकता है तापमान
मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार 4 जून के बाद मौसम फिर से शुष्क होने लगेगा और तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। 4 से 10 जून के दौरान रोहतक, झज्जर, सोनीपत तथा आसपास के क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंचने की संभावना है। पश्चिमी और दक्षिणी हरियाणा के कुछ हिस्सों में गर्म हवाएं चलने की आंशका है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार जून के दूसरे सप्ताह में प्री-मानसून गतिविधियां धीरे-धीरे सक्रिय हो सकती हैं। इस दौरान धूलभरी आंधी, गरज-चमक और कहीं-कहीं हल्की वर्षा की संभावना बनी रहेगी। हालांकि व्यापक और लगातार बारिश के लिए अभी लोगों को इंतजार करना पड़ सकता है। फिलहाल क्षेत्र के लोगों को अगले तीन दिनों की राहत के बाद एक बार फिर तेज गर्मी का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

## भगवतीपुर के पास हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाखन माजरा

लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव भगवतीपुर के पास जींद रोहतक रोड पर हुए एक सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार एक महिला की मौत हो गई। दो बाइक आपस में टकराने से यह हादसा हुआ था। पुलिस ने दूसरे मोटर साइकिल चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी शिकायत में जिला झज्जर के बेरी कस्बा निवासी सुखविंद्र सुभाष ने बताया कि वह अपनी मां सुनीता के साथ बाइक पर अपनी मौसी के पास मिलने जींद गए थे। जब वापस जींद से बेरी जा रहे थे। तब रास्ते में भगवतीपुर गांव के पास पीछे से आ रही एक प्लेटिना मोटर साइकिल के चालक पीछे से तेज टक्कर मार दी। यह घटना शाम के करीब 4 बजे की है। पीछे से बाइक की टक्कर लगने से वे मां बेटा सड़क पर गिर गए। इस हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आई। उनको उपचार के लिए रोहतक पीजीआई के ट्राम सेंटर में भर्ती करवाया गया।

उपचार के बाद उसको तो छुट्टी मिल गई। लेकिन उसकी मां सुनीता की उपचार के दौरान मौत हो गई। प्लेटिना मोटर साइकिल के चालक ने लापरवाही और गफलत में यह एक्सीडेंट किया है। उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने प्लेटिना मोटर साइकिल के चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# फिर आयुष्मान धारकों का इलाज रोकने की धमकी

- करीब 35 अस्पताल हैं पैनल में
- कई अस्पतालों ने स्कीम छोड़ी
- नवंबर 2025 से नहीं हुआ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा में आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों का इलाज कर रहे निजी अस्पतालों और सरकार के बीच भुगतान विवाद गंभीर रूप ले चुका है। पिछले करीब सात महीनों से लंबित भुगतान और क्लेम राशि में कथित कटौती से नाराज निजी अस्पताल संचालकों ने 5 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। इससे हजारों आयुष्मान कार्ड धारकों के सामने उपचार का संकट खड़ा हो सकता है।

रोहतक में करीब 35 निजी अस्पताल इस योजना से जुड़े हुए हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रधान डॉ. अमित मान ने रविवार को आईएमए हॉल में प्रेसवार्ता में कहा कि सरकार के साथ कई दौर की बातचीत और स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिसके चलते अब हड़ताल ही अंतिम विकल्प बचा है।



### खड़ा हुआ आर्थिक संकट
डॉ. अमित मान ने बताया कि नवंबर 2025 के बाद से आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों को उपचार का भुगतान नहीं किया गया है। लगातार बढ़ते बकाया के कारण निजी अस्पतालों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों को डॉक्टरों और कर्मचारियों का वेतन, बिजली-पानी के बिल, दवाइयों और अन्य संसाधनों का खर्च नियमित रूप से वहन करना पड़ता है, लेकिन सरकार समय पर भुगतान नहीं कर रही। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पतालों द्वारा जमा किए गए क्लेम में से भी सरकार 20 से 25 प्रतिशत तक राशि विभिन्न कारणों का हवाला देकर काट लेती है। इससे अस्पतालों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक तरफ भुगतान में महीनों की देरी हो रही है और दूसरी तरफ स्वीकृत बिलों में भी कटौती की जा रही है।

### खास बातें
- पिछले दो वर्षों में यह चौथी बार होगा जब निजी अस्पताल आयुष्मान योजना को लेकर हड़ताल पर जाएंगे।
- प्रदेश के अनेक अस्पताल पहले ही आयुष्मान योजना से खुद को अलग कर चुके हैं।
- लगातार घाटे और भुगतान में देरी के कारण अस्पताल संचालकों के लिए योजना के तहत मरीजों का इलाज करना मुश्किल होता जा रहा है।
- हड़ताल का सबसे अधिक असर गरीब और जरूरतमंद मरीजों पर पड़ने की आशंका है।
- आयुष्मान भारत योजना के तहत लाखों परिवारों को पांच लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज की सुविधा दी जाती है।
- निजी अस्पतालों की हड़ताल के बाद सरकारी अस्पतालों पर मरीजों का दबाव और बढ़ेगा।

### कई ऑपरेशन सूची से बाहर
अस्पताल संचालकों का कहना है कि सरकार पहले ही कई गंभीर और महंगे ऑपरेशन आयुष्मान योजना की सूची से बाहर कर चुकी है। यदि निजी अस्पतालों में भी योजना के तहत उपचार बंद हो गया तो मरीजों की परेशानियां और बढ़ जाएंगी।

### सरकारी अस्पतालों में आप्रेशन के लिए दो माह की वेटिंग
डॉक्टरों के अनुसार सरकारी अस्पतालों में कई बड़े ऑपरेशन के लिए पहले से ही करीब दो महीने तक की वेटिंग चल रही है।

### आईएमए की चेतावनी
आईएमए ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार शीघ्र भुगतान जारी करने और क्लेम कटौती की समस्या का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाती है तो हड़ताल पर पुनर्विचार किया जा सकता है। आईएमए प्रधान के साथ डॉ रविंद्र हुड्डा, डॉ आरके चौधरी, डॉ बिजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**गुंडागर्दी** कार में तीन लोगों को लिफ्ट देने पर की ज्यादती
## रोहतक के ज्वेलर को उत्तराखंड पुलिस ने एक घंटे तक धूप में खड़ा रखा, कहा- हिले तो तोड़ देंगे टांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उत्तराखंड में एक बार दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। विकास नगर निवासी ज्वेलर हेमंत ने आरोप लगाया कि वह पंचकेदार की यात्रा पर गया था। रास्ते में टैक्सी यूनियन से जुड़े लोगों ने उसकी कार के आगे बाइक लगाकर उसे रोक लिया।

कार में तीन लोगों को लिफ्ट देने के कारण उसके साथ मारपीट की गई। उसने स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उसे गोपेश्वर भेज दिया गया, जहां थाना प्रभारी ने उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया और एक घंटा धूप में खड़ा करके रखा। थाना प्रभारी ने उससे कहा कि अगर वह हिला तो उसकी टांगें तोड़ देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वाहन के सभी कागज देखने के बाद दुर्व्यवहार करते हुए उसका चालान काट दिया। उत्तराखंड के टैक्सी माफिया और पुलिस की मिलीभगत के कारण वहां अराजकता का माहौल बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे सवारियों को आगे नहीं ले जा सकते। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट भी की। हेमंत ने आगे बताया कि गोपेश्वर में थाना प्रभारी ने उन्हें एक घंटा धूप में खड़ा रखा व गाड़ी के सारे कागज देखने के बाद दुर्व्यवहार कर चालान काट दिया।

दूसरे पक्ष का आरोप है कि शिकायतकर्ता टैक्सी स्टैंड से निजी वाहन में सवारियों को गाड़ी में बैठा रहे थे जिसकी वजह से चालान किया गया है।



### पंचकेदार की यात्रा पर निकले थे
हेमंत ने बताया कि वह 15 मई को रोहतक से पंचकेदार की यात्रा पर निकले थे। 20 मई को चमोली में उन्हें दिल्ली, मध्य प्रदेश और बनारस के कुछ साथी मिले, जिन्होंने तुंगनाथ चोपटा तक लिफ्ट मांगी। उन्होंने उन चारों को अपनी गाड़ी में लिफ्ट दी और 14 किलोमीटर दूर मंडल की तरफ ले गए। जहां टैक्सी यूनियन के लोगों ने आगे बाइक लगाकर उन्हें रोका।

**हत्या के बाद बच्चों को लेकर फरार हो गया था हत्यारोपी**
## प्रेमिका के साथ सलाखों के पीछे पहुंचा पत्नी की हत्या का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नेहरु कॉलोनी में प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की हत्या करने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपियों ने महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और दोनों बच्चों को अपने साथ लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने बच्चों को दादा-दादी को सौंप दिया है। मृतका की पहचान करीब 34 वर्षीय चिंकी पत्नी गोविंद के रूप में हुई थी। चिंकी का पति गोविंद टाटा कंपनी में काम करता है। गोविंद की करीब दो महीने पहले ट्रेन में पूजा के साथ मुलाकात हुई, जिसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी। एक महीने पहले गोविंद ने पूजा के साथ मंदिर में शादी करने की बात कही। गोविंद ने अपनी फेसबुक आईडी पर पूजा के साथ फोटो डाल दिया, जिसे चिंकी ने देख लिया। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हो गया। गोविंद पूजा को अपने साथ रखना चाहता था, लेकिन यह चिंकी को मंजूर नहीं था। गोविंद ने पूजा के लिए किराए पर कमरा भी लिया, लेकिन पूजा नाराज होकर अपने मायके चली गई। गोविंद 28 मई की रात पूजा को लेकर घर आया। रात करीब 11 बजे तक चिंकी, पूजा व गोविंद का झगड़ा हो रहा था। गोविंद व पूजा ने मिलकर चिंकी की हत्या कर दी थी और बच्चों को लेकर फरार हो गए।



घटना का पता सुबह चला तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

## एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छाए प्रदेश के खिलाड़ी

# रोहतक के निश्चय ने डिस्कस थ्रो में रिकॉर्ड के साथ रजत और मुस्कान ने दौड़ में स्वर्ण जीता

### प्रतियोगिता 28 से 31 मई तक हांगकांग में हुई







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता का आयोजन 28 मई से 31 मई तक हांगकांग (चीन) में आयोजित की गई। इसमें भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की टीम में पुरुष और महिला सहित 51 एथलीट खिलाड़ियों के दल भाग ने भाग लिया है। प्रदीप मलिक महासचिव एथलेटिक्स हरियाणा ने बताया कि निश्चय रोहतक ने डिस्कस थ्रो इवेंट में 60 मीटर 10 सैंटीमीटर की बेहतरीन जेवलिन थ्रो कर नया भारतीय रिकार्ड बनाकर रजत पदक जीता। मुस्कान हरियाणा ने 5 किलोमीटर दौड़ में 16 मिनट 53 सेकेंड और 08 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक जीता। नेशनल रिकॉर्ड के साथ रजत पदक विजेता और स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को राजकुमार मिटान सदस्य ग्रीवेंस कमेटी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, सत्यवीर धनखड फरीदाबाद मीडिया प्रभारी खेल, दिलबाग सिंह अध्यक्ष एथलेटिक्स हरियाणा और हनुमान सिंह भादू वरिष्ठ उपाध्यक्ष एथलेटिक्स हरियाणा एवं अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के प्रेरित किया।

**भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की टीम में पुरुष और महिला सहित 51 एथलीट खिलाड़ियों के दल ने भाग लिया**

## सीनियर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रोहतक के संयम ने शॉट पुट में जीता गोल्ड




रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

**रोहतक।** कुरुक्षेत्र के गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय 16वीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का रविवार को भव्य समापन हो गया। इस चैंपियनशिप में प्रदेशभर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग के शॉट पुट (गोला फेंक) मुकाबले में रोहतक के होनहार एथलीट संयम ने अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए शानदार खेल दिखाया और स्वर्ण पदक जीतकर रोहतक जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। इस स्पर्धा में चरखी दादरी के अतुल ने रजत और झज्जर के हैरी ने कांस्य पदक हासिल किया। दो दिवसीय चैंपियनशिप के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि ओलंपिक पदक विजेता व अर्जुन अवार्डी मनोज कुमार, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य राजकुमार मिटान, एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह और निदेशक नरेंद्र मोर ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

खेलों की जानकारी देते हुए खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड (फरीदाबाद) ने बताया कि 30 व 31 मई तक आयोजित इस चैंपियनशिप में हरियाणा के सभी जिलों के एथलीटों ने हिस्सा लिया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि पुरुष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में हिसार के सोमनाथ चौहान ने स्वर्ण, महिला वर्ग 400 मीटर हर्डल में चरखी दादरी की मोनिका ने स्वर्ण और महिला वर्ग 100 मीटर हर्डल में भिवानी की प्रियंका ने स्वर्ण पदक जीता।इसके अलावा पुरुष 110 मीटर हर्डल में गुरुग्राम के अभिषेक, महिला 200 मीटर में झज्जर की नैंसी, पुरुष 200 मीटर में सोनीपत के मोहित, महिला 3 किमी स्टेपल चेज में सिरसा की गायत्री, और महिला लांग जंप में सिरसा की कशिश ने बाजी मारते हुए गोल्ड मेडल हासिल किए। पुरुष हाई जंप में पानीपत के आकाश, महिला हाई जंप में रेवाड़ी की रूबीना यादव, डैक्थलान में कुरुक्षेत्र के चमनजोत और हैप्टाथलान में रेवाड़ी की खुशी ने पहला स्थान पाया। वहीं, महिला शॉट पुट में अंबाला की मनप्रीत कौर, पुरुष लांग जंप में फरीदाबाद के मो. अता साजिद, महिला 10 किमी रेस वॉक में फरीदाबाद की आरती, महिला 5 किमी दौड़ में सोनीपत की भारती, महिला 800 मीटर में सिरसा की देवेंदर कौर, पुरुष 5 किमी में सोनीपत के अजय और पुरुष 10 किमी रेस वॉक में भिवानी के हरदीप ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने-अपने जिलों का गौरव बढ़ाया।

### विजेता को दी बधाई

इस अवसर पर उपस्थित एथलेटिक्स हरियाणा के उपाध्यक्ष जितेंद्र बांगर, वरिष्ठ संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, कोषाध्यक्ष जसवंत सिवाच, विकास गहलावत, कोच डॉ. परवीन कुमार, सतीश पंघाल, मणि कुमार और अंजू बाला ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## अंडर-17 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में मंदीप ने जीता रजत पदक




*रोहतक। पहलवान मंदीप ने वियतनाम में आयोजित अंडर-17 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 किलोग्राम भार वर्ग में भारत के लिए रजत पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। गुरु मेहरसिंह अखाड़ा के इस प्रतिभाशाली पहलवान की उपलब्धि पर खेल जगत में खुशी का माहौल है।मंदीप इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है। वह अंडर-15 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, अंडर-15 एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक, अंडर-17 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक तथा आर्मेनिया कप में स्वर्ण पदक जीत चुका है। अब अंडर-17 एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल कर उसने अपनी उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ दिया है।इस सफलता पर गुरु मेहरसिंह अखाड़ा के वरिष्ठ कोच रणबीर सिंह ढाका, वरिष्ठ कोच रवि अहलावत, कोच जयवीर हुड्डा, हरदीप सिंह रोज, सोनू कुमार, रिंकू राठी तथा अखाड़ा संचालक मोहित मलिक ने मंदीप को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।*

## 18वी थांग-ता जिला प्रतियोगिता में जेड ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 59 पदक



**रोहतक।** कलानौर के शिव मंदिर के कम्युनिटी हॉल में रविवार को 18वी रोहतक जिला थांग-ता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सभी वर्ग के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें से जेड ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने 37 गोल्ड, 12 रजत, 10 कांस्य सहित कुल 59 मेडल जीत कर प्रथम स्थान हासिल किया, द्वितीय स्थान पर 24 गोल्ड, 5 रजत, 3 कंस्य सहित कुल 32 पदक के साथ थांग-ता खेल नर्सरी कलानौर की टीम रही व तीसरा स्थान पर 10 गोल्ड, 6 रजत, 2 कांस्य के साथ श्री बाबा मस्तनाथ स्कूल की थांग-ता टीम रही। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी अनूप सिंह व थांग-ता एसोसिएशन हरियाणा के महासचिव मदन लाल बागड़ी द्वारा हुआ। समापन समारोह पर्तुल आनंद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नगरपालिका पालिका, कलानौर, बोबी बागड़ी पूर्व चेयरमैन नगरपालिका पालिका, कलानौर व थांग-ता एसोसिएशन हरियाणा के महासचिव मदन लाल बागड़ी, लक्ष्मीनारायण कांगड़ा ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। यह जानकारी थांग-ता एसोसिएशन हरियाणा के महासचिव मदन लाल बागड़ी व नितेश कुमार बागड़ी दी है। इस प्रतियोगिता में उपस्थित सभी सीनियर कोच नितिन बोहत, बिजेंदर, अक्षय मुथेजा, अंकित शोते, देनु राठी, आदि मौजूद रहे।

## एशियन चैंपियनशिप थाईलैंड बीच स्प्रिंट रोइंग गेम के लिए भारतीय टीम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

थाईलैंड में आयोजित होने वाली एशियन चैंपियनशिप बीच स्प्रिंट रोइंग गेम के लिए भारतीय टीम रवाना हो गई है। देश का प्रतिनिधित्व करने जा रही इस टीम में हरियाणा के दो होनहार खिलाड़ी, झज्जर के दुष्यंत चौहान और जींद के हैबतपुर गांव की सविता सिहाग शामिल हैं। दोनों ही खिलाड़ी देश के लिए मेडल जीतने का सपना लेकर मैदान में उतरेंगे। चैंपियनशिप की तैयारियों के लिए रोइंग फेडरेशन की ओर से पिछले एक महीने से अंडमान में राष्ट्रीय कैंप का आयोजन किया गया था, जहां खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया है। गौरतलब है कि बीच स्प्रिंट रोइंग खेल को साल 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक का हिस्सा बनाया गया है, जिससे इस खेल में देश के लिए मेडल जीतने की अपार संभावनाएं पैदा हो गई हैं।




रोहतक। रवाना होने से पहले मौजूद भारतीय टीम। फोटो : हरिभूमि

### दुष्यंत के नाम अनोखा रिकॉर्ड

*भारतीय टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी दुष्यंत चौहान वर्तमान में सेना में सूबेदार के पद पर कार्यरत हैं। दुष्यंत 2014 और 2018 के एशियाई खेलों में देश के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं। इस एशियन चैंपियनशिप के लिए रवाना होने के साथ ही दुष्यंत रोइंग खेल में लगातार 15 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले देश के एकमात्र खिलाड़ी बन गए हैं। इतने लंबे समय तक खेल के शीर्ष स्तर पर अपनी फिटनेस और बेहतरीन प्रदर्शन को बरकरार रखना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। पिछले एक साल से दुष्यंत कोच चांद चहल की देखरेख में अपनी बारीकियों को निखार रहे हैं।*

### सविता का शानदार सफर

*वहीं, जींद की सविता सिहाग ने साल 2021 में कोच चांद चहल के मार्गदर्शन में रोइंग खेल की शुरुआत की थी। अपनी कड़ी मेहनत के दम पर सविता राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल सहित कई पदक अपने नाम कर चुकी हैं। उन्हें साल 2024 में नीदरलैंड में आयोजित हुए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भी देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला था। इन दोनों खिलाड़ियों ने इसी साल फरवरी में आयोजित हुई गोवा नेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर भारतीय राष्ट्रीय कैंप में अपनी जगह पक्की की थी। खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व जताते हुए कोच चांद चहल ने कहा कि सविता शुरू से ही बेहद मेहनती खिलाड़ी रही हैं और दुष्यंत का अनुभव टीम की सबसे बड़ी ताकत है। उन्हें पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में ये दोनों खिलाड़ी बीच स्प्रिंट रोइंग में देश का नाम वैश्विक पटल पर चमकाएंगे।*

## शिक्षा मंत्री के आवास पर 5 जून को प्रदर्शन करेंगी मिड डे मील वर्कर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रविवार को मिड डे मील वर्कर्स यूनियन (सीटू) की जिला कमेटी की बैठक जिला प्रधान बबीता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 जून को पानीपत में शिक्षा मंत्री के आवास पर आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय प्रदर्शन में रोहतक जिले से सैकड़ों मिड डे मील वर्कर्स भाग लेंगी। मीटिंग में यूनियन के राज्य सचिव प्रकाशचंद्र ने कहा कि हरियाणा में करीब 30 हजार मिड डे मील वर्कर्स स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने का कार्य कर रही हैं। यह योजना करीब 25 वर्षों से संचालित है, लेकिन वर्करों के मानदेय में लंबे समय से कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्कूलों का विलय और बंद करने की नीति अपना रही है, जिससे हजारों वर्करों के रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है।



मीटिंग में विचार रखते मिड डे मील वर्कर्स यूनियन( सीटू) राज्य सचिव प्रकाशचंद्र।

### ये मांगें उठाई जाएंगी

यूनियन नेताओं ने बताया कि प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू करने, 12 महीने का वेतन देने, बकाया भुगतान जारी करने, स्कूलों के विलय और बंदी पर रोक लगाने, छंटनीग्रस्त वर्करों को पुनः काम पर रखने, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने तथा ईएसआई और पीएफ जैसी सुविधाएं लागू करने की मांग उठाई जाएगी। बैठक में कमलेश लाहली, रोशनी, राजबाला, पूजा, कृष्णा, शीला रिठाल, कांता, प्रमिला और कविता सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना से दिव्यांगों को मिलती है स्वास्थ्य सुरक्षा : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीसी सचिन गुप्ता ने कहा कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय ट्रस्ट द्वारा संचालित निरामया दिव्यांग स्वास्थ्य बीमा योजना दिव्यांगजनों के लिए एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी पहल है। इस योजना के माध्यम से ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, बौद्धिक दिव्यांगता तथा बहु-दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। वर्ष 2008-09 में शुरू की गई पात्र दिव्यांगजनों को एक लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। बीपीएल श्रेणी और 15 हजार रुपये तक मासिक आय वाले एपीएल परिवारों के लिए नामांकन शुल्क 250 रुपये प्रतिवर्ष निर्धारित है।

### थेरेपी जैसी सुविधाओं पर वित्तीय सहायता दी जाती है

डीसी ने बताया कि योजना के तहत कैशलेस अस्पताल भर्ती, घरेलू उपचार, नर्सिंग सेवाएं, सुधारात्मक सर्जरी, ओपीडी परामर्श, दवाइयां, स्वास्थ्य परीक्षण, विभिन्न जांचें और थेरेपी जैसी सुविधाओं पर वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। इसके अलावा दंत चिकित्सा, परिवहन व्यय और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों को भी योजना में शामिल किया गया है।



### योजना का लाभ उठाने की अपील

सचिन गुप्ता ने जिले के पात्र दिव्यांगजनों एवं उनके अभिभावकों से योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य, कल्याण और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## महम में जुटे बीएड टीचर, 19 साल पुरानी यादें ताजा की



महम। मिलन समारोह में भाग लेने पहुंचे प्रदेश के विभिन्न जिलों व आस पास के राज्यों के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

- **शैक्षणिक सत्र 2007-2008 में महम के किसान कॉलेज ऑफ एजुकेशन से की थी बीएड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

रविवार को महम में अध्यापकों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान समेत कई राज्यों के अध्यापक पहुंचे। ये वो अध्यापक थे, जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2007-2008 में किसान कॉलेज ऑफ एजुकेशन महम से बीएड की पढ़ाई की थी। स्कूलों में फिलहाल गर्मियों की छुट्टियां चल रही हैं। इस ग्रुप के टीचर राजेश सोरखी और अमित सिंहमार ने इन छुट्टियों का एक दिन अपने पुराने साथियों के संग बिताने का विचार अपने साथियों के साथ सांझा किया। सभी को संदेश भेजे गए। हरियाणा के विभिन्न जिलों और आस पास के अन्य राज्यों में नौकरी कर रहे अध्यापक महम में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। 19 साल पुराने दोस्तों को देखकर सबके चेहरे पर खुशी थी। मीटिंग के दौरान सभी अध्यापक अपनी पुरानी यादों में खो गए।

### एक-दूसरे का कुशलक्षेम पूछा

सभी ने अपनी पोस्टिंग के बारे में बताया और एक दूसरे का कुशलक्षेम पूछा। कॉलेज में पढाने वाले प्राध्यापक बीके मलिक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कुलदीप पाबड़ा ने अपने गुरु से क्लास रूम में हुई किसी गलती के लिए 19 साल बाद आज माफी मांगी। इस मौके पर वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय महम के प्राध्यापक डॉ. दीपक कुमार, तोशाम से प्राध्यापक श्यामवीर, राज कुमार बड़ाला, चमन लाल तालू, मोहित हांसी, सिरसा से रोहतास व हनुमान, विनोद सीसर, अशोक सोरखी, संदीप खरकड़ा, पवन तालू, अशोक फरमाणा, निम्मी सीसर खरबला, कुलदीप पाबड़ा, सुनील डाटा, प्रीतम कलिंगा, सिवानी मंडी से राजस्व पटवारी विकास सीसर, दलबीर सिंह, जयभगवान, श्याम गुजरानी, प्रदीप, संदीप, राकेश, रविंद्र, अनिल, सुरेश, वीरेंद्र सिवाड़ा व सतबीर समेत कई शिक्षक मौजूद थे।

### प्रशिक्षण और सरकारी सहायता बनी सफलता की कुंजी

## ड्राइवर की नौकरी छोड़ी, झींगा पालन से सालाना 20 लाख रुपये कमा रहे लाहली के ऋषिपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कभी एक साधारण ड्राइवर के रूप में नौकरी करने वाले गांव लाहली के 40 वर्षीय ऋषिपाल आज झींगा पालन के क्षेत्र में सफलता का नया अध्याय लिख रहे हैं। मेहनत, दूरदर्शिता और आधुनिक तकनीक को अपनाने की बदौलत उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है, बल्कि क्षेत्र के किसानों के लिए भी प्रेरणा का उदाहरण बनकर उभरे हैं। आज ऋषिपाल झींगा पालन से सालाना करीब 20 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित कर रहे हैं। 10वीं तक शिक्षा प्राप्त करने वाले ऋषिपाल ने करीब सात से आठ वर्षों तक लाहली स्थित केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान (सीआईएफई) में ड्राइवर के रूप में कार्य किया। इस दौरान उन्हें मत्स्य पालन और जलीय कृषि से जुड़ी गतिविधियों को नजदीक से देखने का अवसर मिला। संस्थान में होने वाले प्रयोगों और सफल परियोजनाओं ने उनके मन में भी इस क्षेत्र में कुछ नया करने की इच्छा जगाई।वर्ष 2014 में उन्होंने एक साहसिक फैसला लेते हुए ड्राइविंग की नौकरी छोड़ दी और एक एकड़ भूमि में झींगा पालन की शुरुआत की। शुरुआत में उन्होंने तालाब में लगभग एक लाख झींगा बीज डाले, जिससे पहले ही वर्ष करीब एक हजार किलोग्राम उत्पादन प्राप्त हुआ। इस उत्पादन से उन्हें अच्छा मुनाफा हुआ और उनका आत्मविश्वास बढ़ा। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और धीरे-धीरे अपने कारोबार का विस्तार करते गए। आज ऋषिपाल लगभग 13 एकड़ भूमि में झींगा पालन कर रहे हैं। विशेष बात यह है कि उन्होंने खारी और कम उपजाऊ मानी जाने वाली भूमि को आय का मजबूत साधन बना दिया है।



- **पहले ही वर्ष करीब एक हजार किलोग्राम उत्पादन प्राप्त हुआ**

### खेती में नए प्रयोग करने को प्रोत्साहित कर रहे

मत्स्य विभाग और सरकारी योजनाओं से मिली मदद ऋषिपाल का कहना है कि मत्स्य विभाग के प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मिली वित्तीय सहायता ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सही जानकारी और समय पर मिले सहयोग ने उन्हें एक सफल जलीय कृषि उद्यमी बनने में मदद की। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि किसान यदि पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक और वैकल्पिक कृषि गतिविधियों को अपनाएं तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं तो आय में कई गुना वृद्धि संभव है। आज ऋषिपाल क्षेत्र के अनेक किसानों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं और उन्हें खेती में नए प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

### गोदाम से इलेक्ट्रॉनिक का सामान चोरी

**सोनीपत।** कुंडली क्षेत्र स्थित एक गोदाम से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर कुंडली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुग्राम के सेक्टर-67 निवासी कुलदीप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एईसीसी कंपनी में मुख्य एडमिन के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी द्वारा कुछ कार्यालय खाली किए जाने के बाद वहां का सामान सुरक्षित रखने के लिए कुंडली स्थित गोदाम में रखा गया था।26 मई को कंपनी के कर्मचारी गोदाम से सामान लेने पहुंचे तो वहां रखा सामान बिखरा मिला और कई उपकरण गायब थे। जांच करने पर पता चला कि गोदाम से 24 कंप्यूटर स्क्रीन, सीपीयू, चार यूपीएस, चार एलईडी टीवी तथा चार पीसीबी कार्ड चोरी हो चुके थे।

### पूर्व मंत्री ग्रोवर आज महम में करेंगे वकीलों के चैंबरों के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ

**महम।** पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर सोमवार को दोपहर 12 बजे महम में वकीलों के चैंबरों के पुनर्निर्माण कार्यक्रम का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय नेता शमशेर खरकड़ा करेंगे। इस मौके पर बार एसोसिएशन महम के प्रधान प्रदीप सिंह ढाका व बार एसोसिएशन के वकील मौजूद रहेंगे।



रोहतक। मुख्य अतिथि राजेश जैन को बुके देकर स्वागत करते ओमबीर हुड्डा। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। तंबाकू निषेध दिवस पर एलपीएस बोसार्ड के एमडी व मुख्य अतिथि राजेश जैन शपथ दिलवाते हुए।




रोहतक। रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक बलराम मीणा हस्ताक्षर करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हरिभूमि ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर जन-जागरूकता अभियान चलाया

# तंबाकू निषेध दिवस पर हजारों ने ली नशा मुक्त समाज की शपथ

- विशेषज्ञों ने तंबाकू से होने वाले कैंसर, हृदय और मानसिक रोगों के खतरों की दी जानकारी
- युवाओं को खेल, योग और फिटनेस अपनाने की दी सलाह, नशे से दूर रहने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को दैनिक हरिभूमि एवं एलपीएस बोसार्ड द्वारा न्यू बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन परिसर में भव्य जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तंबाकू और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में हजारों यात्रियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों ने भाग लिया और तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली। कार्यक्रम में एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं हरियाणा व्यापार हित मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अनिल भाटिया, आईएमए प्रधान डॉ. अमित मान, आईएमए सचिव डॉ. मनोज रावल, अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव मदान तथा प्रसिद्ध साइक्लिस्ट स्वीटी मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। साइकिलिस्ट रविन्द्र मलिक, जोगेंद्र सैनी, आशु खुराना, संजय चुघ, अनिल बजाज और हरिंदर चावला , नरेश गौड़, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, कैंसर, हृदय रोग तथा मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। आयोजन स्थल पर लोगों से हस्ताक्षर करवाकर उन्हें तंबाकू मुक्त समाज निर्माण का संकल्प भी दिलाया गया। आयोजकों द्वारा यात्रियों को जागरूकता संदेश वाले पंपलेट वितरित किए गए और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में तंबाकू और नशे से दूर रहने की शपथ ली। इस प्रकार के सामाजिक जागरूकता अभियान जारी रहेंगे ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सके और समाज को स्वस्थ दिशा प्रदान की जा सके।

### तंबाकू और नशा सबसे बड़ी चुनौतियां



आज तंबाकू और नशा समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुका है। युवाओं को बचाने के लिए परिवार, समाज और संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति स्वयं से शुरुआत करे और तंबाकू छोड़ने का संकल्प ले, तो एक स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने ऐसे जागरूकता अभियानों को समय की जरूरत बताते हुए कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाना हर नागरिक का कर्तव्य है।

**-राजेश जैन** एलपीएस बोसार्ड के एमडी

### नशा छोड़ने के लिए इच्छा शक्ति जरूरी



आयुर्वेद स्वस्थ जीवन जीने का संदेश देता है और तंबाकू जैसी लत शरीर को धीरे-धीरे खोखला कर देती है। उन्होंने कहा कि नशा छोड़ने के लिए इच्छाशक्ति सबसे बड़ा हथियार है। यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले तो वह किसी भी लत से बाहर निकल सकता है। समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने चाहिए।

**-संजीव मदान** अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं इवेंट के कोस्पांसर

### निरंतर जागरूकता अभियान चलाएं



नशे की लत केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग भी इस सामाजिक मुहिम में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। समाज में सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देकर ही नशा मुक्त भारत का सपना साकार किया जा सकता है।

**-अनिल भाटिया**, हरियाणा व्यापार हित मंडल के प्रदेश अध्यक्ष

### नुकसान के बारे में सभी को बताएं



तंबाकू सेवन से हर वर्ष लाखों लोगों की जान जाती है और यह स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी तंबाकू से दूर रहें और अपने परिवार तथा बच्चों को भी इसके नुकसान के बारे में जागरूक करें। छोटी उम्र में नशे की शुरुआत युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना देती है, इसलिए समाज को मिलकर इसके खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़नी होगी।

**- डॉ. अमित मान** आईएमए प्रधान

### युवा नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखें



तंबाकू केवल कैंसर ही नहीं बल्कि फेफड़ों, हृदय और मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डालता है। डॉक्टरों का दायित्व केवल इलाज करना नहीं बल्कि लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए जागरूक करना भी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे फिटनेस और खेलों की ओर ध्यान दें तथा नशे जैसी बुरी आदतों से खुद को दूर रखें।

**- डॉ. मनोज रावल** आईएमए सचिव

### खेल, योग और साइक्लिंग अपनाएं



खेल और फिटनेस जीवन को सकारात्मक दिशा देते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे की ओर कदम बढ़ाने के बजाय खेल, योग और साइक्लिंग जैसी गतिविधियों को अपनाएं। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। नशा छोड़कर ही सपनों को साकार कर सकते हैं।

**- स्वीटी मलिक**, साइक्लिस्ट

### हस्ताक्षर अभियान





### कार्यक्रम के टाइटल स्पॉन्सर

इस इवेंट के टाइटल स्पॉन्सर एलपीएस बॉसर्ड प्राइवेट लिमिटेड, रोहतक एवं कॉस्पॉन्सर्स, काईनोस हॉस्पिटल,अथर्व आयुर्वेदिक हॉस्पिटल, मालिक मनोरोग चिकित्सा केंद्र सेक्टर-2, व नील कमल टेंट हाउस एंड डेकोरेटर रहे।

### हमारा भी समर्थन





# धूम्रपान निषेध दिवस पर नशा मुक्ति का संदेश



रोहतक। धूम्रपान निषेध वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन और पीजीआईएमएस कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व महंत सतीश दास महाराज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सति भाई साईं दास सेवा दल (रजि.) द्वारा रविवार को धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर न्यू ओपीडी और सीएमओ ऑफिस के पास एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महंत सतीश दास महाराज के आशीर्वाद और गद्दीनशीन महंत रामसुख दास महाराज के सानिध्य में नशा मुक्त अभियान के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन और पंडित बीडी शर्मा हेल्थ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. एचके अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से एक विशेष 'धूम्रपान निषेध वाहन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन शहर में घूमकर लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम में मौजूद बच्चों और आम नागरिकों ने जीवन में कभी धूम्रपान न करने और दूसरों को भी इससे दूर रखने की शपथ ली। संस्था की ओर से सामाजिक सेवा भावना के तहत भोजन प्रसाद का भी वितरण किया गया। सति भाई सेवा दल के प्रधान नरेश आनंद, योगेश अरोड़ा, मोहन मलिक और प्रीतपाल भूटानी सहित अन्य सदस्यों ने युवाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

# सोमनाथ तीर्थ यात्रा के लिए विशेष ट्रेन 8 जून को रवाना होगी

- पात्र वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क मिलेगी यात्रा, भोजन और आवास की सुविधा

**रोहतक।** सरकार वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्राओं से जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष पहल कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के पात्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए सोमनाथ मंदिर की निशुल्क तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि 8 जून को कुरुक्षेत्र से सोमनाथ मंदिर के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। डीसी ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आयोजित इस यात्रा के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को देश के प्रमुख और ऐतिहासिक तीर्थ स्थलों में शामिल सोमनाथ मंदिर के दर्शन का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष तथा अखंड आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा यह विशेष यात्रा आयोजित की जा रही है। डीसी ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को आवास, भोजन, परिवहन तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। यात्रा का समस्त खर्च हरियाणा सरकार वहन करेगी। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक 6 जून तक सरल हरियाणा पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।




# जनहित कार्यों में तेजी लाए, मानसून से पहले नालों की सफाई पूरी करें

» निगम आयुक्त ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने रविवार को नगर निगम और नगर पालिकाओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ आमजन तक समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए तथा सभी विकास कार्य निर्धारित अवधि में पूरे किए जाएं। बैठक में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए आयुक्त ने घरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों से कूड़े का नियमित उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कूड़े का प्रतिदिन निस्तारण किया जाए ताकि कहीं भी कचरे के ढेर न लगें। मानसून की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बरसाती नालों की सफाई समय रहते पूरी करने को कहा, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से बचा जा सके। शहर के सौंदर्यकरण पर चर्चा करते हुए नरेन्द्र कुमार ने फ्लाईओवरों के नीचे खाली स्थानों का बेहतर उपयोग करने, वहां सफाई, हरियाली और आकर्षक चित्रकारी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संपत्तिकर वसूली बढ़ाने के भी निर्देश दिए।



रोहतक। नालों की सफाई समय रहते पूरी करने के निर्देश देते निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार।

## भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा वैज्ञानिक और प्रकृति के अनुकूल : प्रो. पूनिया

- मदवि में भारतीय ज्ञान परंपरा और विज्ञान विषय पर संगोष्ठी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के रसायन शास्त्र विभाग और विज्ञान भारती हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भारतीय ज्ञान परंपरा और विज्ञान विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विज्ञान, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में भारतीय ज्ञान परंपरा के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय ग्रंथों में निहित पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांत वर्तमान वैश्विक चुनौतियों का व्यावहारिक समाधान दे सकते हैं। वैज्ञानिकों से जीरो नेट एमिशन और पराली प्रबंधन जैसे विषयों पर शोध और नवाचार बढ़ाने का आह्वान किया। साथ ही एमडीयू में नवाचार, स्मार्ट अध्ययन और उद्यमिता को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम में प्रो. तृप्ता ठाकुर ने भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रेरित विकास मॉडल की आवश्यकता पर बल दिया। रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र सिंह ने स्वागत भाषण दिया। शिक्षाविदों, शोधार्थी और प्राध्यापकों ने भाग लिया।

## द आर्यन ग्लोबल स्कूल में साइबर सुरक्षा पर कार्यक्रम

# शिक्षकों को डिजिटल खतरों और डेटा सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में रविवार को साइबर सुरक्षा पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य शिक्षकों को व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को डिजिटल खतरों से बचने के बारे में अवगत करवाना था । रिसोर्स पर्सन शिल्पा सेठी और समीर भाटिया का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट करके किया गया। कार्यक्रम प्रस्तुतियों, वास्तविक जीवन के मामलों के अध्ययन, इंटरैक्टिव चर्चाओं और प्रश्नोत्तर सत्रों के साथ एक आकर्षक प्रारूप में आयोजित किया गया था। रिसोर्स पर्सन शिल्पा सेठी और समीर भाटिया ने आज के प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षा वातावरण में साइबर जागरूकता की बढ़ती प्रासंगिकता पर जोर दिया। द आर्यन ग्लोबल स्कूल साइबर सुरक्षा जैसी समकालीन चुनौतियों का समाधान करके समग्र शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करना जारी रखता है। प्रधानाचार्य आर.के. खन्ना ने शिल्पा सेठी और समीर भाटिया का आभार प्रकट करते हुए उनकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा सभी ने कार्यशाला समापन होने पर धन्यवाद दिया ।




## मानसून सिर पर, अधूरा पड़ा डबल फाटक रेलवे अंडरब्रिज का शेड

# एक दशक से डेढ़ किमी का अतिरिक्त सफर कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानसून की दस्तक से पहले डबल फाटक रेलवे अंडरब्रिज पर टिन शेड लगाने का कार्य अधर में लटक गया है। पिछले कई वर्षों से बरसात के दौरान जलभराव की समस्या झेल रहे आसपास की दर्जनों कॉलोनियों के निवासियों की चिंता एक बार फिर बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि अंडरब्रिज को ऊपर से ढक दिया जाए तो बारिश का पानी अंदर जमा होने से काफी हद तक रोका जा सकता है, लेकिन शुरू किया गया कार्य कई महीनों से बंद पड़ा हुआ है। रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण वर्ष 2014-15 के दौरान किया गया था। उस समय आसपास की कॉलोनियों के हजारों लोगों को उम्मीद थी कि उनकी वर्षों पुरानी आवाजाही की समस्या का स्थायी समाधान होगा। लेकिन निर्माण के बाद भी बरसात के दिनों में अंडरब्रिज में पानी भरने की समस्या बनी रही। स्थिति यह है कि हल्की बूंदाबांदी के बाद भी अंडरब्रिज में पानी जमा हो जाता है और लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है।



रोहतक। आरओबी पर शेड डालने के लिए लगाए एंगल। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। आरओबी में जमा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

### पानी भरने से आती है दिक्कत

चिन्योट कॉलोनी के कश्मीरी लाल कहते हैं कि जब अंडरब्रिज में पानी भर जाता है तो दोपहिया और पैदल चलने वालों का निकलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में लोगों को रेलवे ब्रिज के रास्ते करीब डेढ़ किमी अतिरिक्त दूरी तय कर अपने घरों तक पहुंचना पड़ता है। यह समस्या पिछले एक दशक से लगातार बनी हुई है, अभी तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।

### शेड लगाने का काम शुरू

कुछ समय पहले जिला प्रशासन के अनुरोध पर रेलवे ने अंडरब्रिज के ऊपर टिन शेड लगाने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके तहत लोहे के एंगल और अन्य ढांचे भी लगाए गए थे। स्थानीय लोगों को उम्मीद जगी थी कि बरसात से पहले काम पूरा हो जाएगा, लेकिन पिछले तीन से चार महीनों से निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है।

### कई कॉलोनियां प्रभावित

अंडरब्रिज में जलभराव की समस्या से एकता कॉलोनी, पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, शिवाजी कॉलोनी, कमला नगर, आंबेडकर कॉलोनी, शीतल नगर, श्रीनगर कॉलोनी, पुरानी आईटीआई क्षेत्र और चिन्योट कॉलोनी सहित अनेक क्षेत्रों के हजारों लोग प्रभावित होते हैं। पिछले दिनों हुई बारिश का पानी भी अभी तक पूरी तरह नहीं निकला है।

## खबर संक्षेप



### समर कैंप में छात्रों ने सीखी रचनात्मक गतिविधियां

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोरखेड़ी में सात दिन से चल रहे भारतीय भाषा समर कैंप का रविवार को रंगारंग समापन हुआ। विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग से लेकर कविता पाठ तक अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य सुदेश सांगवान ने बताया कि कैंप में 25 मई से शुरू हुए सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का रविवार 31 मई को समापन हो गया। कैंप में बच्चों ने विद्यार्थियों ने नई भाषा सीखना, ऐतिहासिक स्थालों को जानने, कला, संगीत, चित्रकला, मसालों-सब्जियों को जानने, स्वतंत्रता सेनानियों व कलाकारों को जानने, नदियों को जानने व खेल जैसी अन्य गतिविधियों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### भाविप सेक्टर शाखा ने किया संगीतमय सुंदरकांड पाठ

**रोहतक।** भारत विकास परिषद सेक्टर शाखा द्वारा सेक्टर-2 स्थित देवभूमि मंदिर में भव्य एवं श्रद्धापूर्ण संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक वातावरण का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसका शुभ अवसर योगेश कुमार को प्राप्त हुआ। इसके बाद विनीत कुमार एंड पार्टी द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। भजनों और सुंदरकांड पाठ से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर लगाया भंडारा व जांच शिविर

**रोहतक।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर गांव डोभ स्थित श्री बालाजी धाम में विशाल भंडारा, संकीर्तन, भक्त मेला एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-यज्ञ एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। धाम के संस्थापक एवं प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा पर श्रीबालाजी महाराज के दरबार में संकीर्तन, भंडारा और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाता है।

## पांच से आठ प्रतिशत बढ़ोतरी की सम्भावना

■ निजी वाहन भी बढ़ाएंगे रेट

# डीजल के रेट बढ़ने का असर, जल्द बढ़ेंगे ट्रांसपोर्ट के रेट

रोहतक

सिटी प्लस

डीजल की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी का असर अब ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर भी दिखाई देने लगा है। ट्रांसपोर्ट कंपनियों ने संकेत दिए हैं कि यदि डीजल के दाम इसी तरह बढ़ते रहे तो आने वाले दिनों में माल ढुलाई के किराये में पांच से आठ प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की जा सकती है। इसका सीधा असर बाजार में बिकने वाले रोजमर्रा के सामान पर पड़ेगा और उपभोक्ताओं को महंगाई का सामना करना पड़ सकता है। ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि माल ढुलाई में सबसे बड़ा खर्च ईंधन पर होता है। डीजल महंगा होने से वाहनों का परिचालन खर्च बढ़ गया है। ऐसे में ट्रांसपोर्ट कंपनियों के लिए पुराने किराये पर काम करना मुश्किल होता जा रहा है। कई कंपनियां अब अपने ग्राहकों और निजी संस्थानों के साथ किए गए टेंडरों और अनुबंधों की समीक्षा करने की तैयारी में हैं। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का मानना है कि यदि ईंधन कीमतों में स्थिरता नहीं आई तो आने वाले समय में माल ढुलाई के किराये और बढ़ सकते हैं। इसका असर बाजार की कीमतों पर भी दिखाई देगा और महंगाई का दबाव बढ़ने की आशंका बनी रहेगी। जब माल ढुलाई महंगी होती है तो खाद्य पदार्थ, कपड़ा, निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि होने लगती है। व्यापारियों को बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों तक पहुंचाना पड़ता है।



एआई जेनरेटेड

### कंपनियां बढ़ा सकती हैं 5 से 8% तक माल भाड़ा

*ट्रांसपोर्ट कंपनी संचालक पूर्ण अत्री ने बताया कि डीजल के दाम बढ़ने से माल ढुलाई की लागत सीधे प्रभावित होती है। एक ट्रक प्रतिदिन सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करता है और ईंधन पर होने वाला खर्च काफी बढ़ जाता है। वर्तमान परिस्थितियों में ट्रांसपोर्ट कंपनियों को अपने किराये में बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है। यदि लागत लगातार बढ़ती रही तो पांच से आठ प्रतिशत तक रेट बढ़ाना मजबूरी बन जाएगा।*



### वाहन संचालक अपने किराये की दरों में संशोधन करने पर विचार कर रहे

*ट्रांसपोर्ट कंपनी मालिक सुशील शर्मा ने बताया कि केवल मालवाहक वाहन ही नहीं, बल्कि निजी किराये पर चलने वाले वाहन भी बढ़ी हुई लागत से प्रभावित हैं। स्कूल, संस्थान, फैक्ट्रियां और निजी कंपनियां जिन वाहनों को किराये पर लेती हैं, उनके संचालन खर्च में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में वाहन संचालक अपने किराये की दरों में संशोधन करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर आम आदमी पर पड़ता है। ने बताया कि डीजल के दाम बढ़ने से माल ढुलाई की लागत सीधे प्रभावित होती है। एक ट्रक प्रतिदिन सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करता है और ईंधन पर होने वाला खर्च काफी बढ़ जाता है। वर्तमान परिस्थितियों में ट्रांसपोर्ट कंपनियों को अपने किराये में बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है। यदि लागत लगातार बढ़ती रही तो पांच से आठ प्रतिशत तक रेट बढ़ाना मजबूरी बन जाएगा।*



## 132 केवी पावर हाउस के बाहर धरना, अधिकारियों के आश्वासन पर माने लोग

# खरावड़ में बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, एक सप्ताह का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खरावड़ गांव में लगातार बिजली कटौती और खराब बिजली व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों ने रविवार सुबह दिल्ली बाईपास स्थित 132 केवी पावर हाउस के सामने जोरदार रोष प्रदर्शन किया। सुबह करीब 8:30 बजे सैकड़ों ग्रामीण सड़क के बीच धरने पर बैठ गए और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के चलते कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

मामले की सूचना मिलते ही आईएमटी थाना प्रभारी और खरावड़ पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची तथा स्थिति को संभालने का प्रयास किया। करीब दो घंटे तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों को समझाने में जुटे रहे, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पावर हाउस पर तालाबंदी करने की चेतावनी भी दी। बाद में बिजली निगम के एक्शन रामेंद्र मलिक और जेई विजेंद्र राणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पांच दिन के भीतर बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और बिजली निगम को लिखित रूप में एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया। सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट दीपक मलिक ने कहा कि यदि तय समय में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो अगले रविवार को दोबारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा और पावर हाउस पर ताला जड़ दिया जाएगा।


**रोहतक।** पावर हाउस के पास धरना देते खरावड़ गांव के ग्रामीण, बिजली निगम के अधिकारी को ज्ञापन देते खरावड़ के ग्रामीण।

### पिछले काफी समय से चल रही कटौती

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती हो रही है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी में बिजली बाधित रहने से पेयजल संकट गहरा रहा है, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा व्यापारियों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान अजय मलिक, मनोज मलिक, भोला मलिक, राहुल मलिक, सुरेंद्र मलिक, संजय नंबरदार, प्रदीप पंडित, नितिन पंडित, वीरेंद्र पहलवान, मंजीत मलिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### मकड़ौली कलां में गहराया पेयजल संकट, ग्रामीणों ने टैंकर संचालकों व विभागीय कर्मियों की मिलीभगत के लगाए आरोप

**रोहतक।** जिला रोहतक के गांव मकड़ौली कलां में पिछले लगभग दो माह से पेयजल आपूर्ति की गंभीर समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी के बीच अनियमित एवं दूषित जलापूर्ति के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जल संकट केवल तकनीकी कारणों से नहीं, बल्कि कुछ लोगों के आर्थिक हितों के कारण भी पैदा किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में पेयजल की सप्लाई कभी 5 दिन, कभी 6 दिन तो कभी 8 दिन के अंतराल पर की जा रही है। सप्लाई के दौरान आने वाला पानी भी कई बार रेतीला, खारा और बदबूदार होता है, जिससे उसका उपयोग करना मुश्किल हो जाता है। गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण लोगों को निजी स्तर पर पानी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में टैंकरों के माध्यम से पानी बेचने का कार्य करने वाले कुछ लोगों का एक संगठित समूह सक्रिय है। उनका कहना है कि ये टैंकर संचालक कथित रूप से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कुछ कर्मचारियों के साथ सांठगांठ कर सरकारी जलापूर्ति को प्रभावित करवाते हैं, जिससे गांव में पानी का कृत्रिम संकट पैदा हो जाता है। इसके बाद लोग मजबूरी में महंगे दामों पर टैंकरों से पानी खरीदते हैं। ग्रामीणों का दावा है कि गांव में बड़ी संख्या में निजी टैंकर संचालित किए जा रहे हैं और जलापूर्ति बाधित होने का सीधा लाभ इन्हीं टैंकर संचालकों को मिलता है। लोगों का कहना है कि यह पूरा नेटवर्क गैंग की तरह कार्य कर रहा है, जिसके कारण आम नागरिकों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव के एक हिस्से में नहरी पानी की सप्लाई होती है, जबकि आधे से अधिक क्षेत्र में ट्यूबवेल का खारा, रेतीला एवं दुर्गंधयुक्त पानी उपलब्ध कराया जाता है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और वे लंबे समय से समान एवं गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, जलापूर्ति व्यवस्था की निगरानी बढ़ाने तथा कथित मिलीभगत के आरोपों की जांच करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने गांव में नियमित, पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है।

# 11 सरकारी स्कूल बनेंगे चीफ मिनिस्टर एक्सीलेंस एंड अर्ली इंग्लिश स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के सेकेंडरी एजुकेशन विभाग ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, डिजिटल और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। स्कूल शिक्षा विभाग की जारी एक आधिकारिक आदेश के तहत, राज्य के 250 सरकारी स्कूलों को चीफ मिनिस्टर एक्सीलेंस एंड अर्ली इंग्लिश स्कूल (सीएमईईई) घोषित किया गया है। इनमें रोहतक जिले के 11 स्कूल शामिल है

विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, इन विशेष रूप से चयनित 250 स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई कराना अनिवार्य होगा। वहीं, दूसरी कक्षा से छात्रों के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों के अलग-अलग सेक्शन संचालित किए जाएंगे, ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर की भाषा के साथ-साथ अपनी मातृभाषा का भी पूरा ज्ञान मिल सके। इन स्कूलों की हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्धता पहले की तरह ही बरकरार रहेगी। छात्रों की बोर्ड व्यवस्था और मान्यता में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इन स्कूलों को सरकार द्वारा निर्धारित नियमित फंड दिया जाएगा। इसके अलावा, नामांकित छात्रों से किसी भी प्रकार की अतिरिक्त फीस या कोई आर्थिक योगदान नहीं लिया जाएगा। सरकार के इस कदम से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के विद्यार्थियों को बिना किसी वित्तीय बोझ के विश्वस्तरीय शिक्षा मिल सकेगी। इन एक्सीलेंस स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सर्वोच्च बनाए रखने के लिए सरकार ने शिक्षकों की नियुक्ति के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग प्रक्रिया लागू करने का फैसला किया है। यह प्रक्रिया राज्य के प्रतिष्ठित मॉडल संस्कृति स्कूल और पीएम श्री स्कूलों की तर्ज पर आयोजित की जाएगी, जिससे केवल अत्यंत योग्य और दक्ष शिक्षकों की ही तैनाती सुनिश्चित की जा सके।

इन 250 स्कूलों को अपने-अपने क्षेत्रों में हब स्कूल की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। इसका मतलब यह है कि ये स्कूल अपने आसपास के अन्य सरकारी स्कूलों को आधुनिक संसाधन, शैक्षणिक सहयोग और अपनी विशेषज्ञता उपलब्ध कराएंगे, जिससे पूरे इलाके के शिक्षा स्तर में सुधार होगा।

### रोहतक जिले के स्कूल

कलानौर ब्लॉक में सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में जीएसएसएस बनियानी, जीएसएसएस लाहली और जीएसएसएस निगाना शामिल हैं। लाखन माजरा ब्लॉक के अंतर्गत जीएसएसएस खरक जाटन और जीएसएसएस घड़ावठी आते हैं। महम ब्लॉक में जीएसएसएस फरमाना और जीएसएसएस समाण। वहीं रोहतक ब्लॉक के तहत जीएसएसएस रिटौली और जीएसएसएस बसंतपुर ब्राह्मणा स्कूल आते हैं। में सांपला ब्लॉक में जीएसएसएस पाकस्मा और जीएसएसएस समचाना शामिल हैं।

### बच्चों ने सीखे नैतिकता और संस्कार

**रोहतक।** माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेठ बिमल प्रसाद जैन मैमोरियल हॉल में महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज के सानिध्य में मातृ-पितृ पूजन दिवस एवं बाल संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बाला फाइनेंस के चेयरमैन विनय कुमार गोयल, डॉ. भरत कुमार, डॉ. प्राची, विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रियंका जैन व डॉ. सोनिया गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य कुलदीप मित्तल ने बच्चों से नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा से जुड़े प्रश्न पूछे, जिसका कक्षा 8वीं के छात्र तरुण सहित अन्य विद्यार्थियों ने सटीक उत्तर दिया। पूर्व प्रिंसिपल डॉ. वेदप्रकाश श्योराण ने प्रेरणादायक कहानियों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि विनय कुमार गोयल ने ट्रस्ट द्वारा 273 छात्र-छात्राओं को दी जा रही निःशुल्क शिक्षा की सराहना की। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। मंच संचालन छात्रा दीक्षा ने व समापन संजय चावला ने राष्ट्रगान से किया।



### रिटौली गांव में टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में 150 बच्चों ने दिखाया दम

**रोहतक।** गांव रिटौली में ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और बच्चों में खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से रविवार को टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के बच्चों को एक बेहतर मंच प्रदान करना था। यह प्रतियोगिता ग्रामीण वाल विकास समिति की ओर से आयोजित की गई। प्रतियोगिता में क्षेत्र के लगभग 150 बच्चों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। इस आयोजन को सुचारू रूप से चलाने के लिए बच्चों को उनकी कक्षाओं के आधार पर चार अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया गया था, जिसमें सभी वर्गों में कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। डीपीई सुनील ने बताया कि कक्षा 1 से 5वीं वर्ग में रिया ने प्रथम, संजू ने द्वितीय और जय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 6 से 8वीं वर्ग में रिया पहले, दिव्या दूसरे और परिधि तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 9वीं व 10वीं वर्ग के मुकाबले में विनीत ने प्रथम, कुनाल ने द्वितीय और चानी ने तृतीय स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग यानी कक्षा 11वीं व 12वीं में अंशु ने प्रथम, अक्षिता दूसरे और साक्षी कृष्ण तीसरे स्थान पर रहीं।

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गो सेवा व मीठे पानी की छबील लगाई



**रोहतक।** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को सामाजिक एवं धार्मिक सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। सुबह 7:30 बजे परिषद के सदस्यों ने लावारिस पीड़ित पशु केंद्र पहुंचकर गो सेवा का कार्य किया। इस दौरान गायों को हरा चारा, गुड़ खिलाया गया तथा बीमार गायों के लिए दवाइयों की व्यवस्था भी की गई। इसके बाद सुबह 11 बजे ओमैक्स सिटी स्थित सिक्योरिटी पॉइंट के पास मीठे पानी की छबील लगाई गई। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और वाहन चालकों को मीठा ठंडा पानी पिलाया गया। लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेवा कार्यों को सफल बनाया। इस अवसर पर सरपरस्त सुरेंद्र छाबड़ा, सह-सरपरस्त वीरेंद्र जैन, अध्यक्ष डी.के. जैन, सचिव अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनीष जैन, महिला सहभागिता संयोजक तुलसी बजाज, सेवा प्रकल्प संयोजक भारत सचदेवा, पर्यावरण प्रकल्प संयोजक राजीव चावला, संपर्क प्रकल्प संयोजक अजीत जैन सहित नरेश खुराना आदि रहे।

### रोटरी क्लब के स्वास्थ्य शिविर में 600 से अधिक मरीज लाभान्वित

■ 600 से अधिक मरीजों की जांच, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोटरी क्लब ऑफ रोहतक द्वारा मातूराम कम्युनिटी सेंटर, गांधी कैंप में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला, जिसमें शहर के नामी विशेषज्ञ एवं सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने मरीजों की निशुल्क जांच की। शिविर में 600 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, डॉ. रवि गुगनानी, प्रधान डॉ. एस.एल. वर्मा, डॉ. आर.के. चौधरी, डॉ. सुनील मुंजाल एवं रोबिन सचदेवा ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।



शिविर में हृदय रोग, टीबी, न्यूरोलॉजी, किडनी, बाल रोग, त्वचा रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री रोग, आंख, दंत एवं फिजियोथेरेपी सहित विभिन्न विभागों के 20 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की। मरीजों को निशुल्क दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए गए। मुख्य अतिथि मनीष ग्रोवर ने स्वस्थ जीवन के लिए योग, व्यायाम और स्वच्छता को जरूरी बताया। वहीं राजेश जैन ने प्राकृतिक खेती और संतुलित भोजन अपनाने पर जोर देते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने की अपील की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## डेंटल कॉलेज में पूरे प्रदेश के सर्जन ले रहे डेंचर बनाने का प्रशिक्षण: प्राचार्य डॉ. राठी

# नई तकनीक से डेंटल कॉलेज में बिना प्रतीक्षा के बन रहे डेंचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर दंत विज्ञान संस्थान (पीजीआईडीएस) के प्रोस्टोडॉनटिक्स विभाग में डेंचर इन ए डे - कॉमप्रिहेंसिव हैंड्स ऑन कंप्लीट डेंचर फेब्रिकेशन पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. मनु राठी के नेतृत्व और आयोजन सचिव प्रोफेसर डॉ. पंकज गहलोत की देखरेख में चल रही इस कार्यशाला में हरियाणा के सभी जिलों के सिविल अस्पतालों से करीब 150 दंत शल्य चिकित्सक भाग ले रहे हैं। डॉ. मनु राठी ने बताया कि पूरे हरियाणा में पीजीआईडीएस रोहतक एकमात्र संस्थान है जहां संपूर्ण डेंचर बिना किसी प्रतीक्षा सूची के बनाई जा रही है। हमारे यहां मरीज को महीनों इंतजार नहीं करना पड़ता। दंत-विहीन मरीज आते ही उनका इलाज शुरू हो जाता है। हमारी टीम एक दिन में ही डेंचर फेब्रिकेशन की प्रक्रिया पूरी कर देती है। डॉ. राठी ने बताया कि पीजीआईडीएस की यह विशेषज्ञता अब पूरे प्रदेश में पहुंचे, यही इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। एक चिकित्सक होने के नाते हमारा फर्ज है कि जो तकनीक हमारे पास है, उसे हर जरूरतमंद मरीज तक पहुंचाएं। जब सिविल अस्पतालों के चिकित्सक भी यह तकनीक सीख जाएंगे तो गांव के बुजुर्ग को रोहतक आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डॉ. मनु राठी ने स्पष्ट किया कि अब हम उन्नत तकनीकों सहित आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके समकालीन डेन्चर निर्माण, जिसमें डिजिटल स्कैनिंग, डिजिटल डिज़ाइनिंग, एग्जोकेड सॉफ्टवेयर, मैशमिक्सर सॉफ्टवेयर और फुल्ली एडस्टेबल आर्टिकुलेटर पर काम कर रहे हैं। आधुनिक एग्जोकेड और मेशमिक्सर जैसे सॉफ्टवेयर से डेंचर की फिटिंग पहले से कहीं बेहतर हो गई है। एक्सोकैड सॉफ्टवेयर की मदद से डिजिटल डिजाइनिंग इतनी सटीक होती है कि मरीज के जबड़े की हर बारीकी को स्कैन कर उसी के अनुरूप डेंचर तैयार की जाती है।


**रोहतक।** कार्यशाला में मरीज के साथ प्राचार्य डॉ. मनु राठी ,प्रोफेसर डॉ. पंकज गहलोत व अन्य डॉक्टर।

### हर कार्य-स्थल पर अलग तकनीक

आयोजन सचिव डॉ. पंकज गहलोत ने बताया कि कार्यशाला को बेहद व्यावहारिक तरीके से तैयार किया गया है। यहां हर कार्य-स्थल पर अलग-अलग तकनीक सिखाई जा रही है। कोई स्टेशन बॉर्डर मोल्डिंग पर फोकस कर रहा है तो कोई गॉथिक आर्च ट्रेसिंग पर। किसी स्टेशन पर डिजिटल स्कैनिंग की प्रैक्टिस हो रही है तो किसी पर एग्जोकड सॉफ्टवेयर पर डिजाइनिंग सिखाई जा रही है। डेलीगेट सीधे मरीजों पर काम कर रहे हैं। पहले दिन में पेशेंट इवैल्यूएशन, डिजिटल प्लानिंग, प्रिलिमिनरी इम्प्रेशन, प्राइमरी कास्ट इवैल्यूएशन, स्पेशल ट्रे, फाइनल इम्प्रेशन और जॉ रिलेशन रिकॉर्ड जैसी 6 प्रमुख प्रक्रियाओं की ट्रेनिंग दी गई। फुली एडजस्टेबल आर्टिकुलेटर पर मरीज के बाइट को कैसे माउंट करते हैं, यह भी लाइव डेमो के साथ सिखाया गया। आज झज्जर, सोनीपत, पानीपत, हिसार, करनाल, गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत करीब हर जिले से सरकारी चिकित्सक आए हैं। ये अपने-अपने अस्पतालों में बिना प्रतीक्षा के डेंचर बना सकेंगे।